(b) and (c) The total coal production in 1990-91, 1991-92 and 1992-93 are given below:

Production

(*Million tonnes*)

Year	Target	Actual	Increase over previous year
1990-91	221.00	211.73	5.40%
1991-92	228.00	229.28	8.29%
1992-93	238.20	238.23	3.90%

(d) New mining technologies introduced|being introduced for extraaction of coal include adequate provision for safety and health of the mine workers. The coal companies are also required to strictly adhere to the safety regulations in all the mining operations. In some of the deep and gassy underground mines telemonitoring equipment for constant monitoring of underground environmental conditions like temperature, humidity etc. have been introduced. Adequate provision for ensuring safety and health of workers are also made in the opencast-mines.

(e) No, Sir.

ढोरी परियोजना में कोयले में मिट्टी और पत्थरों का मिलाया जाना

3551. **श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान:** क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कम्पनी सेन्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड के अन्तर्गत आने वाली ढोरी परियोजना के अधिकारियों द्वारा कोयले में मिट्टी और पत्थर मिला कर उसका वजन बढ़ाया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो उन भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार अखबारों में छपी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं देती है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) कोल इंडिया लि० ने इस बात से इंकार किया है कि सेन्ट्रल कोलफील्डस लि० की ढोरी परियोजना में कोयले का भार बढ़ाने के लिये कोयले के साथ मिट्टी/पत्थर मिलाये जा रहे हैं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) समाचार-पत्रों में प्रकाशित शिकायतों सहित सभी विशिष्ट शिकायतों पर ध्यान दिया जाता है और प्रत्येक मामले में उसकी गुणवत्ता के आधार पर उचित कार्रवाई की जाती है । कोयला कम्पनियों ने कोयला उपभोक्ता परिषदों का भी गठन किया है जो कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को दूर करने पर निगरानी रखती है ।

कोल इंडिया लिमिटेड में 60 वर्षीय विमान चालक

3552. **श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान** : क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोल इंडिया लिमिटेड में 60 वर्ष की आयु के कितने विमान चालक हैं;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;